**बिहार सरकार**
**गन्ना उद्योग विभाग**

का०आ० संख्या–स्था०क्षे०–345/2026– पटना, दिनांक जून, 2026

**कार्यालय आदेश**

कृषि विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–4140 दिनांक–04.09.2025 के क्रमांक–810 द्वारा बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि–01 (शष्य) के पदाधिकारी श्री श्रुतिधर की सेवा गन्ना उद्योग विभाग को सौंपी गयी। जिला कृषि पदाधिकारी, जहानाबाद के ज्ञापांक–2363 दिनांक–04.10.2025 के द्वारा श्री श्रुतिधर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष को दिनांक–04.10.2025 के पूर्वाह्न से विरमित किया गया है। श्री श्रुतिधर द्वारा गन्ना उद्योग विभाग में दिनांक–06.10.2025 के पूर्वाह्न में अपना योगदान समर्पित किया गया।

दिनांक–06.10.2025 को बिहार विधान सभा चुनाव, 2025 का आदर्श आचार संहिता लागू होने तथा 16.11.2025 को आचार संहिता समाप्त होने के फलस्वरूप चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरान्त मंत्रिमंडल के गठन के पश्चात् दिनांक–12.12.2025 को माननीय विभागीय मंत्री के अनुमोदनोपरान्त विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–1943 दिनांक–16.12.2025 के क्रमांक–16 द्वारा श्री श्रुतिधर को ईख प्रसार पदाधिकारी कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी के पद पर पदस्थापित किया गया। श्री श्रुतिधर के द्वारा सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी कार्यालय में अपना योगदान दिनांक–17.12.2025 के पूर्वाह्न में समर्पित किया गया।

वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 द्वारा पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि 180 (एक सौ अस्सी) दिन या इससे कम रहने पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से सेवा विनियमन का प्रवधान किया गया है।

वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में श्री श्रुतिधर, ईख प्रसार पदाधिकारी कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी का दिनांक–06.10.2025 से 16.12.2025 तक कुल–72 (बहत्तर) दिनों का पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि के रूप में विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. प्रस्ताव पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति तथा सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
**(राजीव रंजन)**
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०क्षे०–345/2026– /पटना, दिनांक– जून, 2026**

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०क्षे०–345/2026– 1183 /पटना, दिनांक–22जून, 2026**

प्रतिलिपि–महालेखाकार, बिहार वीरचन्द पटेल पथ, पटना/वित्त (वै०दा०वि०को०) विभाग, बिहार, पटना/सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी/श्री श्रुतिधर, ईख प्रसार पदाधिकारी कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी/श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Rare 22/06/26.

**सरकार के अवर सचिव।**

LDC Trant Post



Rajesh Ji Letter